**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**20.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे**

**"आज के मुख्य समाचार"**

- नई दिल्ली में चल रहा इंडिया ए.आई. इम्पैक्ट समिट जारी–प्रधानमंत्री ने कहा समिट का भारत में होना पूरे ग्लोबल साउथ के लिए गर्व का विषय।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सहित उनका मंत्रिमंडल आज नई दिल्ली में कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मालिकार्जन खड़गे व राहुल गांधी के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में लेंगे भाग।
- निर्वाचन आयोग ने हिमाचल सहित 22 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण–एस.आई.आर संबंधित तैयारियां पूरा करने के दिए निर्देश।
- चंबा जिला को विश्व पर्यटन मानचित्र पर लाने के लिए प्रयास तेज।

**एआई इम्पैक्ट समिट**

नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया ए.आई इम्पैक्ट समिट का आयोजन जारी है। शिखर सम्मेलन के पांचवें दिन आज नेताओं द्वारा साझा घोषणा पत्र अपनाया जाएगा जिसमें वैश्विक ए.आई शासन और सहयोग के लिए सामूहिक प्रतिबद्धताओं की रूपरेखा शामिल होगी। इसके अलावा उच्च स्तरीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर वैश्विक साझेदारी–जीपीएआई परिषद की बैठकें होंगी। साथ ही सदस्य देश जिम्मेदार और समावेशी ए.आई पर बहुपक्षीय सहयोग को मजबूत करने की प्राथमिकताओं के अनुरूप प्रगति की समीक्षा भी करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल शिखर सम्मेलन का औपचारिक उद्घाटन करते हुए विश्व के नेताओं का स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी का देश है, सबसे बड़े टैग टेलेंट के पुल का केंद्र है। उन्होंने कहा कि भारत नई टैक्नोलॉजी बनाता भी है अपनाता भी है। उन्होंने कहा कि समिट का भारत में होना पूरे ग्लोबल साउथ के लिए गर्व का विषय है।

सम्मेलन में पांच सौ से अधिक एआई नेता भाग ले रहे हैं। इनमें एक सौ से अधिक संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एक सौ पचास शिक्षाविद और शोधकर्ता तथा लगभग चार सौ मुख्य तकनीकी अधिकारी शामिल हैं।

**प्रधानमंत्री**

इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल शाम इंडिया ए.आई इम्पैक्ट समिट में व्यापार जगत के शीर्ष प्रतिनिधियों के साथ गोलमेज सम्मेलन की अध्यक्षता की। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि व्यापार जगत के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों की बैठक के सम्मेलन में ए.आई, प्रौद्योगिकी और नवाचार जगत के विभिन्न हितधारक एक साथ आए। उन्होंने इस दौरान हुई चर्चाओं को ज्ञानवर्धक और दूरदर्शी बताते हुए कहा कि इसमें जिम्मेदारी के साथ ए.आई के विस्तार, वैश्विक सहयोग की मजबूती और विकास केअवसरों को खोलने पर विशेष जोर दिया गया है।

**कांग्रेस बैठक**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सहित प्रदेश मंत्रिमंडल के सदस्य आज नई दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में भाग लेंगे। बैठक में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रदेश मामलों की प्रभारी रजनी पाटिल, सहप्रभारी चेतन चौहान और विदित चौधरी भी विशेष तौर पर मौजूद रहेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि इस बैठक में प्रदेश की ताजा राजनीति के साथ–साथ संगठन के गठन को लेकर कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा 16वें वित्त आयोग द्वारा प्रदेश का राजस्व घाटा अनुदान बंद करने के निर्णय से उत्पन्न स्थिति के बारे में भी केन्द्रीय आलाकमान को अवगत करवाया जाएगा। विनय कुमार ने बताया कि आर.डी.जी. के फैसले के खिलाफ मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन से मिलने का समय भी मांगा जाएगा।

**कुलदीप पठानिया**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि मेले हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न हिस्सा है। वे कल अन्तर्राष्ट्रीय मंडी शिवरात्रि महोत्सव में राजदेवता माधोरॉय की अगवाई में निकाली गई जलेब में शामिल होने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि लोक संस्कृति के संवर्धन में युवा पीढ़ी का उत्साह प्रशंसनीय है और इसके संरक्षण के लिए सभी को मिलकर आगे आना होगा।

**चुनाव आयोग–विशेष गहन पुनरीक्षण**

निर्वाचन आयोग ने 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यनिर्वाचन अधिकारियों को आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण – एसआईआर से संबंधित तैयारियों को पूरा करने का निर्देश दिया है। आयोग ने इन राज्यों और केंद्र शासितप्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों से प्रारंभिक कार्य पूरा करने को कहा है। विशेष गहन पुनरीक्षण का यह चरण इस वर्ष अप्रैल से शुरू होने की उम्मीद है। इन राज्यों में हिमाचल भी शामिल है। आयोग ने कहा कि वर्तमान में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर का काम चल रहा है।

**पीएमश्री योजना**

केंद्रीय खान मंत्रालय में संयुक्त सचिव संदीप कदम ने पीएमश्री योजना के तहत कल पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुल्लू व भुट्टी पाठशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इन विद्यालयों में योजना के तहत संचालित किए जा रहे शैक्षणिक व आधारभूत विकास कार्यों की प्रगति

का जायजा लिया। संदीप कदम ने कहा कि पीएमश्री योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, समावेशी और आधुनिक शिक्षा प्रदान करना है। इस दौरान उन्होंने शिक्षा विभाग के साथ एक अहम बैठक के दौरान योजना के बेहतर कार्यन्वयन के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए।

**पर्यटन**

चम्बा जिला को विश्व पर्यटन मानचित्र पर लाने के लिए प्रयास तेज हो गए हैं। इसके लिए जिला में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी कड़ी में चमेरा जलाशय पर बसे जिला चम्बा के पर्यटन स्थल तलेरु में लेक फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। ये फेस्टिवल आज से शुरू होगा।

**बागवानी मिशन**

जनजातीय जिला लाहौल स्पिति में फल विविधीकरण को बढ़ावा देने के लिए गोंधला में ब्लू बेरी का अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन स्थल एफ.एल.डी. तैयार किया जाएगा। उपायुक्त किरण भडाना की अध्यक्षता में आयोजित एकीकृत बागवानी मिशन की समीक्षा बैठक में ये निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि जिले में वर्तमान में एक हजार 225 हैक्टेयर भूमि पर बागवानी की जा रही है जिसमें करीब 90 प्रतिशन क्षेत्र में केवल सेब की पैदावार हो रही है। उपायुक्त ने बागवानी विभाग को निर्देश दिए की सेब के अलावा अन्य फलदार प्रजातियों को भी बढ़ावा दिया जाये ताकि किसानों की आय में वृद्धि हो सके। उन्होंने ब्लू बैरी के अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन स्थल स्थापित करने के निर्देश भी दिए।

**अब सुर्खियां समाचार पत्रों से.......**

आज अधिकतर अखबारों ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के ब्यान को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है–**शून्य दाखिले वाले और 29 स्कूल होंगे बंद–100 छात्रों वाले 21 कॉलेज मर्ज।** दैनिक भास्कर का शीर्षक है– सौ से कम संख्या वाले कॉलेज होंगे विलय–शिक्षकों व कर्मियों पर नहीं पड़ेगा असर। पंजाब केसरी ने मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू के ब्यान को प्रमुखता दी है–**मुक्त व्यापार समझौता किसान व बागवानी हितों पर कुठारघात।** दैनिक जागरण की सुर्खी है– **सी.एम. बोले, सेब उत्पादकों के हित प्रभावित करेंगे व्यापार समझौते।**

दिव्य हिमाचल की एक खबर है–**हिमाचल समेत 22 राज्यों में एस.आई.आर. एलान–अभी 12 राज्यों में जारी है वोटरज वेरिफिकेशन।**

**''अंत में मुख्य समाचार'' एक बार फिर**

- नई दिल्ली में चल रहा इंडिया ए.आई. इम्पैक्ट समिट जारी–प्रधानमंत्री ने कहा समिट का भारत में होना पूरे ग्लोबल साउथ के लिए गर्व का विषय।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सहित उनका मंत्रिमंडल आज नई दिल्ली में कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मालिकार्जन खड़गे व राहुल गांधी के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में लेंगे भाग।
- निर्वाचन आयोग ने हिमाचल सहित 22 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण–एस.आई.आर संबंधित तैयारियां पूरा करने के दिए निर्देश।
- चंबा जिला को विश्व पर्यटन मानचित्र पर लाने के लिए प्रयास तेज।

**इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं सुबह 11 बजे नमस्कार।**